| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 17 | Rajasthan | 710076 | 140503 | 23615 |
| 18 | Sikkim | 9961 | 2182 | 1442 |
| 19 | Tamil Nadu | 1396016 | 209696 | 104647 |
| 20 | Tripura | 52423 | 14141 | 3579 |
| 21 | Uttar Pradesh | 3432349 | 580802 | 218566 |
| 22 | West Bengal | 717351 | 287052 | 51198 |
| 23 | A & N Islands | 863 | 742 | 1102 |
| 24 | Arunachal Pradesh | 43978 | 11358 | 955 |
| 25 | Chandigarh | 1206 | 116 | 63 |
| 26 | D & N Haveli | 1666 | 677 | 187 |
| 27 | Delhi | 16845 | 2146 | 2328 |
| 28 | Goa, Daman & Diu | 30730 | 7052 | 3384 |
| 29 | Lacshadweep | 1510 | 554 | 41 |
| 30 | Mizoram | 12493 | 2623 | 5637 |
| 31 | Pondicherry | 16845 | 3142 | 1478 |
| | ALL INDIA | 16562727 | 3060678 | 1151586 |

**छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में सूखे के कारण हुई हानि**

1746. **श्री शरद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में इस वर्ष सूखे के कारण फसलों को कितनी हानि हुई और क्या छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में आदिवासियों के पलायन करने की संभावना है ;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में कोई योजना लागू करने की संभावना है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस क्षेत्र को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित न करने के क्या कारण हैं ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) :** (क) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अपने ज्ञापन में दी गई सूचना के अनुसार, राज्य के छत्तीसगढ़ इलाके में सूखे के कारण 10.43 लाख हैक्टार क्षेत्र में फसलें प्रभावित हुई है। जनजातियों लोगों के पलायन के बारे में राज्य सरकार से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) प्राकृतिक आपदा के कारण 50 प्रतिशत से अधिक फसल की हानि होने पर, छोटे और सीमान्त किसानों को उनके द्वारा धारित क्षेत्र के लिए 200 रुपये प्रति हैक्टार की दर से कृषि आदान राजसहायता दी जाती है ताकि प्रभावित किसान वैकल्पिक फसल उगा सकें।

(ग) किसी क्षेत्र को सूखे से प्रभावित क्षेत्र घोषित करना राज्य सरकार का काम है।

**राजघाट बांध परियोजना के बारे में की गई लेखा-आपत्तियां**

1747. **श्री शरद यादव :** क्या जल साधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान